Dynamic Cables Limited
(Govt. Recognised TWO STAR Export House)
(An ISO 9001:2015,14001:2015 & 45001:2018 Company)
www.dynamiccables.co.in

Date: 03.07.2025

To,

BSE Limited
Phiroze Jeejeebhoy Towers
Dalal Street,
Mumbai-400001
**Scrip Code: BSE-540795**

National Stock Exchange of India Ltd
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No. C/1
G-Block, Bandra- Kurla Complex,
Bandra(East) Mumbai-4000501
**Trading Symbol: DYCL**

**Sub: -Newspaper Advertisement- "Record date for issue of Bonus Equity Shares"**

**Ref: Disclosure under Regulation 30 of Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 ("Listing Regulations")**

Dear Sir/Madam,

With reference to the captioned subject and pursuant to Regulation 30 of Listing Regulations, please find enclosed herewith copies of newspaper advertisements published in Indian Express (English) & Business Remedies (Hindi) on July 03, 2025 for intimation of record date for the purpose of determining the eligibility of Equity Shareholders of the Company for allotment of Bonus Equity Shares.

The above information is also available on the Company's website at i.e. www.dynamiccables.co.in

Kindly take the same on record.

Thanking you,
**For Dynamic Cables Limited**

Naina Gupta
Digitally signed by Naina Gupta
Date: 2025.07.03 16:02:13 +05'30'

**Naina Gupta**
**Company Secretary and Compliance Officer**
**M.No. A56881**

**Encl: As above**

HT Upto 66KV & LT Aerial Bunched, Power, Control & Railway Signalling Cables, ACSR/AAC/AAAC AL-59 / MVCC Conductors / EV Charging Cables.

Mangal Group
promoting value engineering

CE intertek
Total Quality. Assured.

CIN: L31300RJ2007PLC024139
Regd. Office & Unit-1: F-260, Road No.13, VKI Area, Jaipur-302013 (INDIA)
Ph: +91 141 2262589, 4042005 | Fax: +91 141 2330182 | Email:info@dynamiccables.co.in

# एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी तिरुचिरापल्ली और डसॉल्ट सिस्टम्स ने एडवांस्ड इंजीनियरिंग की शिक्षा, नवप्रवर्तन और अनुसंधान के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**




भारत में अग्रणी इंजीनियरिंग संस्थानों में से एक एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, तिरुचिरापल्ली और डसॉल्ट सिस्टम्स (यूरोनेक्स्ट पेरिस) ने एक सहयोगी पारिस्थिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। यह तंत्र इंजीनियरिंग नवप्रवर्तन को बढ़ावा देगा, कौशल विकास करेगा, स्टार्टअप इनक्यूबेशन करेगा और स्थानीय अनुसंधान को बढ़ावा देगा। इस गठबंधन का लक्ष्य डसॉल्ट सिस्टम्स के 3जी एक्सपीरियंस प्लेटफॉर्म और टेक्नोलॉजी विशेषज्ञता का उपयोग विद्यार्थियों, शिक्षकों और शुरुआती चरण के उद्यमियों को उद्योग प्रासंगिक डिजिटल कौशल और एप्लीकेशंस से युक्त करना है।

इस समझौता ज्ञापन के तहत एडवांस्ड डिजाइन और इंजीनियरिंग एप्लीकेशंस को अकादमिक एवं प्रशिक्षण कार्यक्रमों में एकीकृत कर विद्यार्थियों को प्रासंगिक डिजिटल क्षमताओं से लैस करके उद्योग के लिए कुशल कार्यबल तैयार करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इसके अलावा, यह विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के नेतृत्व वाले ऐसे स्टार्टअप्स को सपोर्ट प्रदान करता है जो अनूठे उत्पादों और प्रक्रियाओं के विकास पर काम कर रहे हैं जिससे भारत के बढ़ते इंजीनियरिंग एवं विनिर्माण पारितंत्र में योगदान किया जा सके। यह पहल स्थानीय प्रौद्योगिकियों, प्रणालियों और उपकरणों की डिजाइन पर ध्यान केंद्रित करते हुए इस संस्थान के भीतर अनुसंधान एवं विकास को गति देगा जोकि नवप्रवर्तन एवं आत्मनिर्भरता के भारत के दीर्घकालीन लक्ष्यों के अनुरूप है। दूसरा उद्देश्य ऐसे अनुसंधान एवं विकास की पहल को बढ़ावा देना है जो टेक्नोलॉजीज़, सिस्टम्स और उपकरण की स्थानीय डिजाइन पर ध्यान दे।

एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई रामापुरम एवं तिरुचिरापल्ली के चेयरमैन डाक्टर शिवकुमार आर. ने कहा, कि एसआरएमआईएसटी तिरुचिरा-पल्ली में हम ऐसे नवप्रवर्तकों को पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो महज अकादमिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि वास्तविक दुनिया की चुनौतियों को हल करने के लिए एप्लीकेशंस एवं सोच से भी युक्त हों। डसॉल्ट के साथ यह गठबंधन हमारे विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए एडवांस्ड डिजिटल टेक्नोलॉजीज़ के साथ नए रास्ते खोलता है जहां वे अत्याधुनिक अनुसंधान कर सकेंगे और प्रभावशाली स्टार्टअप्स का निर्माण कर सकेंगे। यह आने वाले कल के उद्योगों की जरूरतों के साथ शिक्षा को अनुरूप बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। डसॉल्ट सिस्टम्स, भारत के प्रबंध निदेशक दीपक एनजी ने कहा कि एसआरएमआईएसटी, तिरुचिरापल्ली के साथ हमारा गठबंधन युवाओं को डिजिटल डिजाइन एप्लीकेशंस और उद्योग प्रासंगिक अंतर्दृष्टि से युक्त करने का एक साझा विजन प्रदर्शित करता है जहां ये विद्यार्थी अपनी कक्षाओं से बाजार तक नवप्रवर्तन को गति दे सकें। इस एमओयू के जरिए हमारा लक्ष्य एडवांस्ड डिजिटल टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्मों तक पहुंच सुलभ कराना और विचार से क्रियान्वयन तक प्रत्येक चरण में स्टार्टअप्स को सपोर्ट करना और अनुसंधान को बढ़ावा देना है।

# कोटा में निशुल्क कोचिंग ले रहे सरकारी स्कूलों के 105 में से 103 स्टूडेंट्स नीट के लिए क्वालीफाई

**बिज़नेस रेमेडीज/कोटा**

कॅरियर सिटी कोटा ने एक बार फिर सामाजिक सरोकार निभाया है। यहां एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास व एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की संयुक्त पहल शिक्षा संबल योजना के विद्यार्थियों को सफलता मिली है। सरकारी स्कूलों के हिन्दी माध्यम के 105 विद्यार्थियों में से 103 विद्यार्थी नीट में क्वालीफाई हुए हैं। इन सभी को एलन की ओर से निशुल्क कोचिंग दी गई तथा एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से निशुल्क आवास व भोजन की सुविधा दी गई।

एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास के ट्रस्टी डॉ.नवीन माहेश्वरी ने बताया कि वर्ष 2024 में शुरू की गई शिक्षा संबल योजना के तहत मध्य भारत के राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड और उत्तराखंड राज्यों के हिन्दी माध्यम के सरकारी स्कूलों के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए। परीक्षा में प्रदर्शन की वरीयता के आधार पर 81 छात्राएं तथा 45 छात्रों का नीट-2025 की तैयारी के लिए चयन किया गया। विद्यार्थियों को एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की ओर से एलन कोटा के बारां रोड नया नोहरा स्थित सुपथ कैम्पस में निशुल्क कोचिंग दी गई। इसके साथ ही एल एन माहेश्वरी परमार्थ न्यास की ओर से निकट के हॉस्टल्स में निशुल्क आवास और भोजन की व्यवस्था भी की गई। पढ़ाई की शुरुआत के कुछ महीनों में विभिन्न कारणों से कुछ विद्यार्थी घर लौट गए। इसके बाद 105 विद्यार्थियों ने सालभर रहकर पढ़ाई की। नीट की परीक्षा में शामिल हुए।



डॉ.माहेश्वरी ने कहा कि खुशी की बात यह है कि 105 विद्यार्थियों में से 103 विद्यार्थी ऐसे हैं जिन्होंने नीट काउंसलिंग के लिए क्वालीफाई किया है। काउंसलिंग के माध्यम से स्टेट रैंक, कैटेगिरी रैंक के आधार पर विद्यार्थी सरकारी मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस, डेंटल, आयुर्वेद व अन्य कोर्सेज में प्रवेश ले सकेंगे।

# 'खेती की लागत कम करने में किसानों की सारथी बन रही डबल इंजन सरकार'

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस**



अन्नदाता किसानों के हित में डबल इंजन सरकार नित नए प्रयास कर रही है। अधिक उत्पादन के साथ ही किसानों की लागत कम हो, इसके लिए सोलर सिंचाई पंप वितरण पर भी सरकार जोर दे रही है।

योगी सरकार के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में अब तक 93,062 किसानों को सोलर पंप का लाभ मिला है। जिसकी बदौलत उन्होंने अपनी खेती की लागत को कम किया है। सोलर पंप के लिए सरकार अनुदान भी मुहैया करा रही है। योगी सरकार द्वारा किसानों को आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम कुसुम) योजना के अन्तर्गत सोलर सिंचाई पंप वितरण योजना संचालित की जा रही है।

इसमें किसानों को 60 प्रतिशत तक अनुदान अनुमन्य है। इससे प्रोत्साहित होकर प्रदेश में अब तक 93,062 किसानों ने सोलर पंप का लाभ लिया है। सोलर पंप प्राप्त करने के लिए किसान विभाग की वेबसाइट एग्रीदर्शन डॉट यूपी डॉट गॉव डॉट इन पर आवेदन कर सकते हैं। इस योजना के लिए किसानों का चयन टोकन प्रक्रिया के आधार पर 'पहले आओ, पहले पाओ' के अनुसार होगा। आवेदन के समय किसानों को 5,000 रुपए टोकन मनी के रूप में ऑनलाइन जमा करना होगा। दो एचपी के सोलर पंप के लिए पंजीकृत कृषक के पास 4इंच, 3 एचपी एवं 5 एचपी के लिए 6 इंच, 7.5 एवं 10 एचपी सोलर पंप के लिए 8 इंच की क्रियाशील बोरिंग तथा उपयुक्त जलस्तर होना अनिवार्य है।

इस योजना की सुविधा प्रदेश के समस्त जनपदों/विकास खंडों में उपलब्ध है। साथ ही विकास खंडवार लक्ष्य भी निर्धारित किए गए हैं। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि किसान फसल उत्पादन लागत को कम करने के साथ ही जल संरक्षण की दिशा में कदम बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियानयोजना के अन्तर्गत आवेदन कर सकते हैं। इससे आय में वृद्धि एवं सिंचाई हेतु डीजल की निर्भरता में कमी आएगी तथा सिंचाई के लिए निःशुल्क एवं सस्ती बिजली, डीजल पम्पों की निर्भरता पर कमी के साथ ही पर्यावरण सुरक्षा एवं बदलते जलवायु परिवर्तन को भी कम करने में किसान योगदान दे सकेंगे।

# अंबुजा सीमेंट्स ने नेट फेंसिंग पहल और जमीनी स्तर के नेतृत्व से पजिना गांव के किसानों को सशक्त बनाया

## इस पहल से स्थानीय ईएफपी के कारोबार में 23,000 रुपये का फायदा हुआ, साथ ही उपज में सुधार हुआ और फसल का नुकसान कम हुआ

**बिज़नेस रेमेडीज/हि.प्रदेश**

विविध अदाणी पोर्टफोलियो की सीमेंट और भवन निर्माण सामग्री कंपनी अंबुजा सीमेंट्स, दारलाघाट के पास पजिना गांव में जमीनी स्तर पर कृषि नवाचारों का समर्थन करके ग्रामीण लचीलेपन को मजबूत कर रही है। अंबुजा सीमेंट्स का सीएसआर (कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व) के तहत समर्थन ने मीना जैसे स्थानीय कृषि स्वयंसेवकों को आधुनिक, विविध खेती की ओर एक उल्लेखनीय बदलाव लाने के लिए सशक्त बनाया है। ऊपरी पज़िना, निचली पज़िना और नेओरी गांवों में उनके काम ने स्थायी प्रथाओं को पेश किया है और एक व्यवहार्य आजीविका के रूप में खेती में नए सिरे से रुचि पैदा की है।

सबसे प्रभावशाली पहलों में से एक FY 2024-25 में शुरू हुई, जब जंगली जानवरों द्वारा फसलों को नुकसान से बचाने के लिए नेट फेंसिंग की शुरुआत की गई। अंबुजा सीमेंट्स के मार्गदर्शन और मीना के जमीनी स्तर के नेतृत्व से, इस प्रदर्शन की सफलता ने 50 से अधिक किसानों को स्थानीय किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के माध्यम से फेंसिंग खरीदने के लिए प्रेरित किया, जिससे 23,000 रुपये का कारोबार हुआ और खेती की उत्पादकता में सुधार हुआ। इस प्रयास ने न केवल फसलों की रक्षा की बल्कि एफपीओ के संचालन को भी मजबूत किया और सामूहिक खेती के दृष्टिकोण को प्रोत्साहित किया। अंबुजा सीमेंट्स का जमीनी स्तर के बदलाव लाने वालों और व्यावहारिक कृषि समाधानों में निरंतर निवेश इस परिवर्तन कहानी के माध्यम से उजागर होता है। उपकरणों, ज्ञान और सामुदायिक प्लेटफार्मों तक पहुंच की सुविधा प्रदान करके, अंबुजा सीमेंट्स हिमाचल के ग्रामीण किसानों के बीच आत्मनिर्भरता को पोषित कर रही है - जिससे उन्हें दीर्घकालिक समृद्धि और साझा विकास के बीज बोने में मदद मिल रही है।

# पोषण ट्रैकर और डीबीटी जैसी योजनाएं महिलाओं एवं बच्चों के कल्याण में ला रहीं बड़ा बदलाव : प्रधानमंत्री कार्यालय

**बिज़नेस रेमेडीज/ नई दिल्ली/आईएएनएस**

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बुधवार को कहा कि पोषण ट्रैकर और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) जैसी पहलों ने देश में महिलाओं और बच्चों के कल्याण में बड़ा बदलाव लाया है।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर साझा की गई एक पोस्ट में पीएमओ ने कहा कि ये योजनाएं देश भर में वास्तविक समय में प्रभावशाली बदलाव ला रही हैं। पीएमओ ने यह बात एक मीडिया लेख साझा करते हुए कही, जिसमें बताया गया है कि किस तरह सरकार ने महिलाओं और बच्चों के कल्याण में बदलाव लाने के लिए टेक्नोलॉजी का लाभ उठाया है। पीएमओ ने एक्स पर कहा कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के लेख में पोषण ट्रैकर, एक समर्पित शिकायत निवारण मॉड्यूल और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर जैसी पहलों के बारे में बात की गई है, जो पूरे देश में वास्तविक समय में, प्रभावशाली बदलाव ला रही हैं।

एक्स पर केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि पोषण और शिक्षा से लेकर न्याय और सम्मान से सच्चे सशक्तिकरण तक, टेक्नोलॉजी महिलाओं और बाल कल्याण में परिवर्तनकारी बदलाव में अहम भूमिका निभा रही है। लेख में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कि लाभ तेजी से अंतिम मील तक पारदर्शी और कुशलता से पहुँचें, महिला और बाल विकास मंत्रालय ने अपने कार्यक्रमों में टेक्नोलॉजी को शामिल किया है। इसका एक प्रमुख उदाहरण मंत्रालय की पोषण ट्रैकर पहल है और इसका उद्देश्य स्वस्थ भारत, सुपोषित भारत के राष्ट्रीय दृष्टिकोण को आगे बढ़ाना है।

इस पहल के तहत, आंगनवाड़ी केंद्र शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटने वाले डिजिटल रूप से सशक्त सामुदायिक केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं। प्राइम मिनिस्टर अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन (2025) से सम्मानित, यह आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को बचपन की शिक्षा के लिए डिजिटल प्रशिक्षण मॉड्यूल भी प्रदान करता है।

# राजस्थान की 247 मण्डियां बंद

## समर्थन में आये तेल मिल, दाल मिल, आटा मिल, मसाला उद्योग

**बिज़नेस रेमेडीज/जयपुर**



राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के आह्वान पर राज्य की 247 मण्डियों में व्यापार बंद रहा। आटा मिल, तेल मिल, दाल मिल तथा मसाला उद्योग ने बंद का समर्थन किया। राजस्थान की कई मण्डियों में धरने-प्रदर्शन कर विरोध जताया गया। प्रांत के बाहर से कृषि जिंसों की आवक नहीं हुई। अधिकांश मण्डियों में दुकानों के ताले ही नहीं खुले तथा मुनीम, गुमास्ते, पल्लेदार मण्डी में इधर-उधर घूमते हुए नजर आयें।

राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ ने राज्य सरकार द्वारा 1 जुलाई से लगाये गये एक प्रतिशत कृषक कल्याण फीस के विरोध में तथा बाहर प्रांत से आयात की जाने वाली कृषि जिंसों पर मण्डी सेस तथा कृषक कल्याण फीस वसूलने एवं मोटे अनाज पर आड़त 2.25 प्रतिशत नहीं करने पर व्यापार बंद करने का आह्वान किया है।

राजस्थान की श्रीगंगानगर, पदमपुर, श्रीकरणपुर, अनूपगढ़, बीकानेर, खाजूवाला, नोहर, हनुमानगढ़ जिले की हनुमानगढ़ टाउन, हनुमानगढ़ जंक्शन, गोलूवाला, मटीली, भादरा, रावतसर तथा कोटा जिले की कोटा, रामगंजमण्डी, भवानीमण्डी, बारां, अटरू, छबड़ा, खानपुर, झालावाड़ की झालरापाटन, बूंदी, देवली, अजमेर जिले की अजमेर, केकड़ी, किशनगढ़, नसीराबाद, ब्यावर, अलवर जिले की खैरथल, खेरली, बड़ौदामेव, तिजारा, भरतपुर जिले की डीग, कामां, नगर, कुम्हेर, बयाना, नदबई, जोधपुर जिले की जोधपुर, ओसियां, फलौदी, मथानिया, बाड़मेर, बालोतरा, रानी, इसके अलावा नागौर जिले की नागौर, मेड़ता, कुचामनसिटी, डीडवाना, जैसलमेर, मोहनगढ़, नाचना, धोरीमन्ना सहित राज्य की सभी 247 मण्डियों में व्यापार बंद रहा। टर्नऑवर के रूप में करीब 10 हजार करोड़ के टर्नऑवर का नुकसान संभावित किया गया।

राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ के चेयरमेन बाबूलाल गुप्ता ने राज्य सरकार से मांग की है कि तत्काल प्रभाव से 50 पैसे सैंकड़ा कृषक कल्याण फीस लगावें; बाहर से आने वाले कृषि उपज पर कोई टैक्स नहीं लगावें; मोटे अनाज पर आड़त 2.25 प्रतिशत करें तथा सभी कृषि जिंसों पर एकरूपता करते हुए 1 प्रतिशत मण्डी सेस रखा जावें। श्री गुप्ता ने मण्डियों को निर्देश दिये है कि 3, 4 व 5 जुलाई को संपूर्ण व्यापार बंद रखें और धरने-प्रदर्शन करें तथा उचित अधिकारी को ज्ञापन दिये जायें। गुप्ता ने यह भी बताया कि यदि राज्य सरकार अध्यादेश निकालने में विफल रहती है तो 5 जुलाई को राजस्थान खाद्य पदार्थ व्यापार संघ की जयपुर में आयोजित आमसभा में अनिश्चितकालीन बंद का निर्णय भी अग्रिम आंदोलन की रूपरेखा में शामिल हो सकता हैं।

# श्री सीमेंट ने विशाल भारद्वाज को हैड ऑफ कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी नियुक्त किया

**बिज़नेस रेमेडीज/नई दिल्ली**

भारत के अग्रणी सीमेंट उत्पादकों में से एक श्री सीमेंट ने स्थायी एवं समावेशी विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाते हुए विशाल भारद्वाज को हैड-कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी नियुक्त करने की घोषणा की है।

भारद्वाज के पास देश-विदेश में प्रभावी सीएसआर योजनाओं की अवधारणा तैयार करने और इन्हें अंजाम देने में तीन दशक से अधिक का अनुभव है। सीमेंट, फार्मास्युटिकल एवं कैमिकल सेक्टरों में उनकी गहन विशेषज्ञता है। वे इंडोरामा कॉर्पोरेशन से श्री सीमेंट में आए हैं, जहां वे दुबई में ग्रुप सीएसआर हैड के रूप में काम करते हुए कंपनी के ग्लोबल सीएसआर एजेंडा का नेतृत्व कर रहे थे। समुदाय-उन्मुख बदलाव को ब?ावा देने वाले श्री भारद्वाज समावेशी विकास, दीर्घकालिक साझेदारियों तथा स्थायी कल के लिए हेतु स्मार्ट आज के निर्माण हेतु स्थायी बदलाव को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। श्री सीमेंट में अपनी नई भूमिका में भारद्वाज कंपनी की सीएसआर योजनाओं का नेतृत्व करेंगे। वे गुणवत्ता एवं प्रभावी परिणामों पर ध्यान केंद्रित करते हुए सामरिक साझेदारियों के माध्यम से समुदाय में सामाजिक प्रभाव का पैमाना बढ़ाने में योगदान देंगे। नीरज अखौरी, मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट ने इस नियुक्ति पर बात करते हुए कहा, कि श्री सीमेंट में हम सामाजिक उत्तरदायित्व को हमारे कारोबार का जरूरी स्तंभ मानते हैं। विशाल भारद्वाज का स्वागत करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जिनका विश्वस्तरीय परिप्रेक्ष्य और सीएसआर को लेकर विशेष समझ स्थायित्व की दिशा में हमारे प्रयासों को गति प्रदान करेगी। उनका नेतृत्व राष्ट्रीय विकास को प्राथमिकता देते हुए समाज कल्याण में हमारे निवेश में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

श्री सीमेंट में अपनी नई भूमिका पर बात करते हुए भारद्वाज ने कहा, "श्री सीमेंट के साथ जुड़ते हुए मुझे बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, यह एक ऐसी कंपनी है जो हमेशा से राष्ट्र निर्माण एवं समुदाय के कल्याण में सक्रिय रही है। मुझे विश्वास है कि विभिन्न लोकेशनों की टीमों के साथ मिलकर हम आधुनिक, समावेशी एवं प्रभावशाली सीएसआर प्रोग्राम लेकर आएंगे, जो लोगों को सशक्त बनाकर समाज पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न कर सकेंगे।' श्री सीमेंट ने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए 6.7 लाख से अधिक लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव उत्पन्न किया है। कंपनी के सीएसआर प्रयास यूएन के सतत विकास लक्ष्यों के अनुरूप हैं। कंपनी स्वास्थ्यसेवाओं, शिक्षा, महिला सशक्तीकरण, ग्रामीण विकास एवं पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय है। श्री फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से कंपनी स्थायी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए असंख्य गांवों में स्थानीय समुदायों के साथ मिलकर काम करती है, तथा आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देती है।

**डायनेमिक केबल्स लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालयः एफ-260, रोड नं. 13, वीकेआई एरिया, जयपुर 302013 (राजस्थान)
दूरभाष नं.: +91 1412262589 फैक्स नं.: +91 141 2330182
CIN: L31300RJ2007PLC024139 ई मेल आईडी: investor.relations@dynamiccables.co.in

**बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की रिकॉर्ड तिथि की सूचना**

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी ने **शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025** को 1:1 के अनुपात में बोनस इक्विटी शेयरों के आवंटन के लिए पात्र इक्विटी शेयरधारकों की पात्रता निर्धारित करने के उद्देश्य से **'रिकॉर्ड तिथि'** के रूप में निर्धारित किया है, अर्थात 10/- (दस रुपये) प्रत्येक के प्रत्येक 1 (एक) मौजूदा पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर के लिए 10/- (दस रुपये) प्रत्येक का 1 (एक) पूर्ण चुकता इक्विटी शेयर ('बोनस शेयर')।

बोनस शेयर कंपनी के उन इक्विटी शेयरधारकों को आवंटित किए जाएंगे जिनका नाम रिकॉर्ड तिथि के अनुसार कंपनी के सदस्यों के रजिस्टर/डिपॉजिटरी द्वारा बनाए गए लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में दिखाई देता है। एक बार आवंटित किए जाने के बाद बोनस शेयर सभी मामलों में कंपनी के मौजूदा पूर्ण चुकता इक्विटी शेयरों के साथ समान होंगे और हमेशा कंपनी के मेमोरेंडम और एसोसिएशन के लेखों में निहित नियमों और शर्तों के अधीन होंगे।

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (पूंजी निर्गम और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2018 के अनुसार बोनस शेयर केवल डीमैट रूप में आवंटित किए जाएंगे और सदस्यों के संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास उनके संबंधित लाभार्थी खातों में जमा किए जाएंगे। भौतिक रूप में इक्विटी शेयर रखने वाले सदस्यों के संबंध में, कंपनी डीमैट रूप में बोनस इक्विटी शेयरों को एक नए डीमैट सस्पेंस खाते में तब तक जमा करेगी जब तक कि वे भौतिक रूप में इक्विटी शेयर रखने वाले संबंधित सदस्यों के लाभार्थी खातों में जमा नहीं हो जाते।

उपरोक्त विवरण कंपनी की वेबसाइट (www.dynamiccables.co.in) और उन स्टॉक एक्सचेंजों की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, यानी बीएसई लिमिटेड (www.bseindia.com) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (www.nseindia.com)

दिनांकः 02 जुलाई, 2025
स्थानः जयपुर

डायनेमिक केबल्स लिमिटेड के लिए
कृते/-
सुश्री नैना गुप्ता
कंपनी सचिव और अनुपालना अधिकारी
एम.नं. ए56881